अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनाँक 29 जुलाई, 2016 को वाणिज्य विभाग (संभाग तृतीय) के द्वारा बी.कॉम. (कम्प्यूटर एपलिकेशन) प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए स्वागत समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता को सीनियर प्रोफेसर श्री अशोक कौशिक व डॉ0 प्रवीन कुमार गुप्ता द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया. प्राचार्य महोदय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें प्रेरित किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनका मार्गदर्शन किया. श्रीमती सीमा मलिक द्वारा विद्यार्थियों को महाविद्यालय के नियमों एवं अनुशासन से अवगत कराया गया.

समारोह के अन्त में विद्यार्थियों को बैग व रिफरेश्मेन्ट वितरित किया गया. धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 रेखा सैन द्वारा दिया गया. कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी अध्यापकों ने अपना पूर्ण सहयोग दिया.

दिनाँक 28 जुलाई, 2016 को अग्रवाल महाविद्यालय, बल्लबगढ़ के प्रांगण में वाणिज्य विभाग (संभाग तृतीय) के द्वारा बी.कॉम. (आनर्स) प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ0 कृष्णकान्त गुप्ता के कुशल नेतृत्व में किया गया. महाविद्यालय की वरिष्ठ प्रवक्ता अंग्रेजी विभाग श्रीमती कमल टंडन ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आर्शिवाद दिया. अतिथि वक्ता तरूण शर्मा द्वारा विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया एवं उनके कैरियर के मार्गदर्शन हेतु महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई. उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए जुनुन का होना आवश्यक बताया. वाणिज्य विभाग अध्यक्ष डॉ0 प्रवीन कुमार गुप्ता ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय के नियमों एवं अनुशासन से अवगत कराया. समारोह के अन्त में विद्यार्थियों में बैग एवं रिफरेश्मेन्ट वितरित किये गये. धन्यवाद ज्ञापन डॉ0 रेखा सैन द्वारा दिया गया. कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी अध्यापकों ने अपना पूर्ण सहयोग दिया.